# शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर

धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर, छत्तीसगढ़, भारत पिनकोड 494001

**Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar**

Dharampura-2, Jagdalpur, Distt.-Bastar, Chhattisgarh, India, Pincode 494 001

Web:www.smkvbastar.ac.in, Email:registrarbastaruniversity@gmail.com, Ph.:07782-229037

क्रमांक / 3322 / 610 / सा.प्रशा. / स्थापना / 2026 जगदलपुर, दिनांक 25 / 05 / 2026

## –:: अतिथि व्याख्याता हेतु विज्ञापन ::–

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर का पत्र क्रमांक 574 / 126 / आउशि / राज. स्था. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 06.07.2024 एवं छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक एफ 3–54 / स्था. / 2020 / 38–1 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 20.06.2024 के अनुसार शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर में निम्नलिखित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठयक्रम के विषयों में अध्ययन एवं अध्यापन कार्य हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण–पत्र एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन **दिनांक 05.06.2026** को सायं 05.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के नियमानुसार होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. आयु सीमाः– अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक।
3. छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

**विषय / पदों का विवरण :–**

| क्रमांक | विभाग / अध्ययनशाला का नाम | विषय का नाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण प्रौद्योगिकी | ग्रामीण प्रौद्योगिकी | 01 |
| 2 | गणित | गणित | 02 |
| 3 | भौतिक शास्त्र | भौतिक शास्त्र | 03 |
| 4 | भू–गर्भ शास्त्र | भू–गर्भ शास्त्र | 02 |
| | | **कुल पदों की संख्या** | **08** |

**टीप :–**

1. संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानान्तरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जावेगी।
2. उपरोक्त विषयों में आवश्यक्तानुसार पदों की संख्या को घटाया या बढ़ाया जा सकता है।

**शर्ते :–**

4. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम.फिल. / पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
5. **दिनांक 05.06.2026** तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं, प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जायेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जायेगा। वर्तमान में आफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जा रहे हैं। भविष्य में आवेदन स्वीकार करने की इस प्रक्रिया में आनलाईन पोर्टल तैयार होने पर आवश्यक्तानुसार परिवर्तन संभावित होगा।
6. अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
7. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का विश्वविद्यालय के सूचना पटल पर व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा। वेबसाईट में विस्तृत विवरण भी अपलोड किया जायेगा।
8. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशित किया जावेगा।

9. अंतिम सूची का प्रकाशन दावा आपत्ति के निराकरण उपरांत किया जावेगा जिसका अवलोकन विश्वविद्यालय की वेबसाईट अथवा सूचना पटल में किया जायेगा।
10. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवायें समाप्त नहीं की गई है।
11. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।
12. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य में नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
13. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| **(अ) 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/– (41,600/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/– (30,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |
| **(ब) 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये** | | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/– (50,000/– प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/– (35,000/– प्रतिमाह अधिकतम) |

14. लिफाफे के ऊपर अतिथि व्याख्याता हेतु आवेदन उल्लेखित करते हुये विषय का नाम तथा बायें भाग में प्रेषक का नाम, पता, मोबाईल नंबर स्पष्ट उल्लेखित करेंगे। लिफाफे के दायें भाग में निम्न पता लिखकर प्रेषित करेंगेः–

प्रति,

**कुलसचिव,**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
धरमपुरा–2, जगदलपुर, जिला–बस्तर (छत्तीसगढ़)
पिन कोड 494001

15. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किए गए अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक–सेवक की विधि विहित परिभाषा के अंतर्गत लोक–सेवक नहीं कहलायेंगे।
16. संस्थान में इस व्यवस्था के अंतर्गत कार्यरत, यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है, तो उनकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी, जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जायेगी।
17. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाए रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
18. कक्षाओं के संचालन के साथ–साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी एवं अकादमिक कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
19. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती है तो सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।

**(माननीय कुलपति महोदय द्वारा अनुमोदित)**

**कुलसचिव**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक / 3323 / 610 / सा.प्रशा. / स्थापना / 2026 जगदलपुर, दिनांक 25 / 05 / 2026

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
2. समन्वयक, आई.क्यू.ए.सी., शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
3. समस्त विभाग प्रमुख, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
4. समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
5. जनसंपर्क अधिकारी, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर
   – को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. सूचना पटल पर चस्पा करने / विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये विश्वविद्यालय वेबसाईट प्रभारी / कुलसचिव कार्यालय को प्रेषित।
7. आदेश फोल्डर / संबंधित नस्ती।

**सहायक कुलसचिव (प्रशासन)**
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर
जगदलपुर (छ.ग.)